NSW शिक्षा विभाग

Behaviour code for students

Information for students and parents or carers

विद्यार्थियों के लिए आचरण संहिता

विद्यार्थियों और माता-पिता या देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

NSW के सरकारी स्कूल विभिन्न प्रकार के परिवेशों में हर किसी को सीखने के लिए सुरक्षित, सहायक, और प्रतिक्रियाशील वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ऐसे समावेशी और सुरक्षित आचरण सीखाते हैं और उनके उदाहरण प्रस्तुत करते हैं जिन्हें हम अपने विद्यार्थियों में होना महत्वपूर्ण मानते हैं।

NSW के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों से उम्मीद की जाती है कि वे अपनी श्रेष्ठतम क्षमता के मुताबिक,:

- अन्य विद्यार्थियों, अपने टीचरों और स्कूल के कर्मचारियों तथा समुदाय के सदस्यों के प्रति सम्मान दिखाएँ
- स्कूल और कक्षा के नियमों का अनुपालन करें और अपने टीचरों के निर्देशों का अनुपालन करें
- शिक्षा-प्राप्ति में उच्चतम मानकों के लिए प्रयास करें
- ऐसे विनम्र और सम्मानजनक तरीके से कार्य करें जिससे स्कूली समुदाय के सभी सदस्य अपने आपको महत्वपूर्ण, शामिल व समर्थित महसूस करते हैं।
- सम्मानपूर्वक, शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से विवाद का हल करें
- स्कूल की सहमत युनिफॉर्म नीति या ड्रेस कोड का पालन करें
- हर दिन स्कूल आएँ (बशर्ते कि कानूनी तौर पर छूट न दी गई हो)
- सभी संपत्तियों का सम्मान करें
- सुरक्षित रहें और हिंसक न बनें या हमारे स्कूलों में औज़ार, अवैध मादक-पदार्थ, शराब, वेप्स, ई-सिगरेट या तंबाकू न लाएँ
- हमारे स्कूलों में किसी को बुली, उत्पीड़ित न करें, डराएँ-धमकाएँ नहीं, या किसी के साथ भेदभाव न करें।

स्कूल ऐसे आचरण पर प्रतिक्रिया करते हुए कार्रवाई करते हैं जो किसी के अपने लिए या दूसरों के लिए अथवा उच्च-गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा शिक्षा की उपलब्धि के लिए नुकसानदायक होता है।

सभी विद्यार्थियों को निम्नलिखित का अधिकार है:

- स्कूल में सुरक्षा का
- अपनी शिक्षा-प्राप्ति तक पहुँच का और इसमें पूरी तरह से भाग लेने का
- अन्य विद्यार्थियों, टीचरों और स्कूल के कर्मचारियों द्वारा सम्मान के साथ बर्ताव किए जाने का
- अपने मत प्रकट करने, लक्ष्य तय करने और अपना पक्षसमर्थन करने का।

अपने पेशेवर फैसले का प्रयोग करते हुए, प्रिंसिपल और स्कूल के कर्मचारी अनुशासन बनाए रखने और सुरक्षित, सहयोगी और प्रतिक्रियाशील शिक्षण परिवेश प्रदान करते तथा विद्यार्थियों द्वारा इन उम्मीदों को पूरा न करने की स्थिति में उचित कार्रवाई लागू करने के लिए श्रेष्ठ स्थिति में होते हैं।

विभाग नीति ढांचे और संसाधनों के प्रावधान के लिए जिम्मेदार है जैसे कि कानूनी मुद्दों का बुलेटिन, विशेषज्ञ सलाह तक पहुँच, और पेशेवर शिक्षण ताकि प्रिंसिपलों और उनके कर्मचारियों को अपने पेशेवर फैसलों का प्रयोग करने में मार्गदर्शन मिल सके।

इस संदर्भ में, NSW सरकार और शिक्षा विभाग स्थानीय स्तर पर प्रिंसिपलों और स्कूल के कर्मचारियों के अधिकारों और फैसलों का समर्थन करेगी।

विद्यार्थियों के लिए आचरण संहिता: विद्यार्थी कार्रवाईयाँ

NSW के सरकारी स्कूलों में सभी विद्यार्थियों के समावेशन, शिक्षा, कल्याण, और सुरक्षा का प्रसार करना शिक्षा विभाग के लिए एक उच्च प्राथमिकता है।

सम्मानजनक, सुरक्षित तथा संलग्न आचरण के लिए हमारे उच्च मानकों को पूरा करने हेतु विद्यार्थियों द्वारा आवश्यक कौशल के विकास का समर्थन करने के लिए हम विभिन्न प्रकार के परिवेशों में शिक्षण और शिक्षा दृष्टिकोण लागू करते हैं।

उपरोक्त निर्धारित उम्मीदों को पूरा करने के लिए, NSW के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को, अपनी श्रेष्ठ क्षमता के मुताबिक, निम्नलिखित सिद्धांतों की पालना करनी चाहिए।

सम्मान

- एक-दूसरे के साथ गरिमा से बर्ताव करना।
- विनम्रता से संचार और आचरण करना।
- अन्य विद्यार्थियों, टीचरों, और स्कूल के कर्मचारियों के साथ सहयोगपूर्ण ढंग से काम करना और कदम उठाना।
- सकारात्मक और सम्मानजनक संबंध विकसित करना।
- दूसरों की रूचियों, क्षमता और संस्कृति की कदर करना।
- अन्य विद्यार्थियों की शिक्षा आवश्यकताओं का सम्मान करना।
- सहमत स्कूल युनिफॉर्म या ड्रेस कोड पहनकर उचित ढंग से कपड़े पहनना।
- स्कूल की संपत्ति और कर्मचारियों तथा अन्य विद्यार्थियों की संपत्ति का ध्यान रखना।

NSW GOVERNMENT

सुरक्षा

- आचरण और व्यवहार के संबंध में स्कूल और कक्षा के नियमों तथा उम्मीदों की उदाहरण पेश करें और इनका पालन करें।
- विवाद पर समझौता-बातचीत करें और इसका समाधान करें।
- उनका व्यवहार और कार्रवाईयाँ दूसरों को कैसे प्रभावित करती हैं, इससे अवगत रहना और इसकी जिम्मेदारी लेना।
- अपना और दूसरों का ध्यान रखना।
- सुरक्षित रहना और दूसरों को ऐसे सुरक्षित विकल्प लेने में सहायता करना जिनसे खुद को या दूसरों को नुकसान न पहुँचता हो।

संलग्नता

- स्कूल और कक्षा में समय पर आना।
- हर लेसन के लिए तैयार रहना।
- शिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेना।
- शिक्षण के सर्वोच्च स्तर हासिल करने की आकांक्षा और प्रयास करना।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको और अधिक जानकारी चाहिए तो कृपया स्कूल प्रिंसिपल को कॉल करें। यदि आपको अपनी पूछताछ के साथ मदद की ज़रूरत है तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा (Telephone Interpreter Service) को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें।

ऑपरेटर को वह फोन नंबर बताएँ जिसपर आप कॉल करना चाहते/ती हैं और बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए ऑपरेटर दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।